1	2	3	4	5
5.	Preservation and Development of Pack Animals	1.25	—	
6.	National Project on rnderpest Eradication Programme	19.49	24.69	
7.	Assistance to States for control of Animal Diseases			
	(i) Systematic control of Livestock Diseases	14.39	16.68	
(ii)	Foot and Mouth Disease Control Programme	50.00	—	
(iii)	Animal Disease Surveillance	2.45	—	
8.	Professional Efficiency Dev.	2.45	0.40	
9.	Assistance to States for Feed and Fodder Development	—	—	
		—	—	
10.	Assistance to States for improvement/ Modernisation of Slaughter Houses/ Carcass Utilisation Centre	—	—	
11.	Integrated Sample Survey	16.50	15.00	
12.	Animal husbandry Extension Programme	—	3.00	
13.	Special Livestock development Programme	—	—	
14.	Integrated Dairy Development Programme	—	—	

"इण्डिया सैट टु बिकम नं० वन मिल्क प्रोड्यूसर" शीर्षक से प्रकाशित समाचार

743. **श्री राम जेठमलानी:** क्या पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 15 जनवरी, 1997 के "दि टाइम्स ऑफ इंडिया" में "इंडिया सैट टु बिकम नं० वन मिल्क प्रोड्यूसर" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि भारत विश्व के अन्य देशों की तुलना में सर्वाधिक दूध का उत्पादन कर रहा है;

(ग) यदि नहीं, तो इस संबंध में तथ्य क्या है और भारत में इस समय कितना दूध उत्पादन हो रहा है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि अब भी दूध का प्रति व्यक्ति उपभोग विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानदंडों की तुलना में कम है; यदि हां, तो दूध के लिए निर्धारित मानदण्ड एवं उसके उपभोग में कितना अंतर है?

कृषि मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग के राज्य मंत्री (डा० रघुवंश प्रसाद सिंह): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) दुग्ध उत्पादन में भारत का विश्व में दूसरा स्थान है और वर्ष 1998-99 तक इसके पहले स्थान पर आ जाने की संभावना है। अंतरिम अनुमानों के अनुसार, 1995-96 के दौरान दूध का उत्पादन 66 मिलियन टन था और 1996-97 में प्रत्याशित उत्पादन 69 मिलियन टन है।

(घ) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (1993-94) के 50वें दौर के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में दूध का प्रति व्यक्ति प्रतिदिन खपत लगभग 134 ग्राम है तथा शहरी क्षेत्रों में 149 ग्राम जबकि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने दूध की प्रति व्यक्ति/दिन 220 ग्राम मात्रा की सिफारिश की है।